No. of Printed Pages/Questions: 2 / 4

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test –III (Round – I) 2025 – 2026

Class - 6 | MM-20

Subject- Hindi | Time: 1 Hr.

Name: ____________ Roll No.:_________

---

**प्रश्न 1 नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए। 1X4=4**

अपनी भूल को न पहचानने का सरल मार्ग है– दूसरों को ही अपराधी ठहरा देना। जब हम अपनी भूल को स्वीकार करने की बजाय दूसरों को अपराधी ठहराते हैं, तो उन्हें सज़ा दिए बगैर हमें बिलकुल भी चैन नहीं आता। सज़ा देने के लिए भी खास योग्यता चाहिए। हर व्यक्ति किसी को अपराध के लिए उपयुक्त सज़ा नहीं दे सकता। दुखी व्यक्ति मात्र बदला ले सकता है। सज़ा देने वाला विवेकी व दयालु होना चाहिए तथा उसे किसी व्यक्ति और परिस्थिति विशेष से अबाधित रहना चाहिए। जब लोग दुखी होते हैं, तो अक्सर सबक सिखाने की बात करते हैं। वह उनकी नफरत है, जो एक दूसरे रूप में प्रकट होती है। संवेदनशील व्यक्ति को कोई सज़ा नहीं देता, क्योंकि संवेदनशील व्यक्ति तो स्वयं ही अपनी भूल को पहचानकर उसका प्रायश्चित्त कर लेते हैं। जो प्रायश्चित्त कर लेते हैं, उन्हें दंड नहीं दिया जाता। भूल होने पर प्रायश्चित्त करने की पुरानी परंपरा है। प्रायश्चित्त का अर्थ पछतावे के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। अक्सर इसे इसी अर्थ में लिया जाता है। प्रायश्चित्त का सच्चा अर्थ है– चित्त को पुनः ताज़ा व युवा कर देना। आत्मा के विस्मरण से जो चित्त बूढ़ा हो गया था, उसे स्मृति से पुनः नूतन बनाना ही प्रायश्चित्त है। अपने आप को सताने वाला अल्पज्ञानी है। गलती का ज्ञान ही उसके लिए सज़ा के समान है। किसी को दंड देकर प्रसन्न होने वाला व्यक्ति रुग्ण चित्त का है।

**क अपनी भूल को न पहचानने का का सरल मार्ग है–**

**अ** आँखें बंद कर लेना　　**ब** अनजान बन जाना

**स** अपनी गलती न समझना　　**द** दूसरों को ही अपराधी ठहरा देना

**ख न्याय करने वाला नहीं होना चाहिए–**

**अ** विवेकी　　**ब** अबाधित

**स** दयालु　　**द** पक्षपाती

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) : प्रायश्चित्त का अर्थ है, किए हुए पर पश्चाताप करना।

कारण (R) : प्रायश्चित्त हर व्यक्ति के बस की बात नहीं है।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ रुग्ण चित्त का व्यक्ति किसे कहा गया है ?

**प्रश्न 2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (कोई पाँच) 1X5=5**

क) प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए ।

ख) तुम कौन के बारे में पूछ रहे हो ।( सर्वनाम–संबंधी अशुद्धियों को दूर कर वाक्य को पुनः लिखिए)

ग) सर्वनाम के भेदों के नाम लिखिए।

घ) आप शायद रास्ता भूलकर इधर आए हैं।(पुरूषवाचक सर्वनाम को रेखांकित कर उसके भेद का नाम लिखिए)

ङ) वे सर्वनाम क्या कहलाते हैं, जिनका प्रयोग कर्ता अपने लिए करता है ?

च) संबंधवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण लिखिए।

**प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई तीन) 2X3=6**

क) 'जलाते चलो' कविता के कवि का नाम लिखते हुए बताइए कि कवि क्या जलाने की बात कर रहें हैं ?

ख) 'जलाते चलो' कविता में अंधेरे या तिमिर के लिए किन वस्तुओं के उदाहरण दिए गए है ?

ग) 'जलाते चलो' कविता के आधार पर बताइए कि पूर्णिमा की रात में चाँद कैसा दिखता है ?

घ)' स्नेह' और 'विश्व' का शब्दार्थ लिखिए।

**प्रश्न 4 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । 1X5=5**

आपके क्षेत्र में फैली गंदगी के संबंध में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

अथवा

स्थानांतरण प्रमाण पत्र (T.C)प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।